Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

an>

Title: Need to provide financial assistance to the victims of serial bomb blasts in Mumbai.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान 11 जुलाई, 2006 को मुम्बई में लोकल ट्रेन सीरीज बम ब्लास्ट्स की ओर आकर्ति करना चाहता हूं। इस घटना में करीब 200 लोगों की जान गई और करीब 1077 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। रेल मंत्री जी, प्रधान मंत्री जी और अनेक मंत्रियों ने मुम्बई में जा कर घोाणा की थी कि मारे गए लोगों के परिजनों को और घायलों को वित्तीय मदद करेंगे। इनमें से जिनकी जानें गईं, उनके परिजनों को वित्तीय सहायता दे दी गई, लेकिन 1077 घायलों में से 424 लोग गंभीर रूप से अपाहिज हुए हैं, कई लोग अपने कान गवां बैठे हैं, कई आंख गवां बैठे हुए हैं, इन लोगों का इलाज मुम्बई के अनेक अस्पतालों में हुआ, अस्पतालों ने उनका ट्रीटमेंट करके लोगों की जान बचाई है, लेकिन रेल मंत्री जी ने जो वित्तीय सहायता देने की घोाणा की थी, वह सहायता उन्हें अभी तक नहीं मिली है। इस वजह से इन घायलों के परिजन अस्पतालों की तरफ से दबाव आने की वजह से परेशान हैं क्योंकि अस्पतालों को पेमेंट नहीं दी गई है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि जो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं, रेल मंत्री जी की घोाणा के अनुसार उन्हें तुरंत वित्तीय सहायता दी जाए, ताकि उनका इलाज हो सके।

अध्यक्ष महोदय :इसी तरह से छोटी और मुख्य बातें कहनी चाहिए। I compliment you for this.